
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 6.11.2023 से 11.11.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# गन्ना उत्पादक किसानों को दिवाली तोहफा

(दिनांक 06.11.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने प्रदेश के गन्ना उत्पादक **किसानों को दिवाली का तोहफा** देते हुए गन्ने के मूल्य में बढ़ोतरी की घोषणा की है।

उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि इस वर्ष के लिए गन्ने का मूल्य अगेती किस्म के लिए **372 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 386 रुपए प्रति क्विंटल** घोषित किया जाता है, जोकि 14 रुपये की पर्याप्त वृद्धि है। इसके साथ ही, माननीय मुख्यमंत्री जी ने अगले साल के लिए भी गन्ने के रेट में बढ़ोतरी की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष जिन दिनों गन्ने का रेट घोषित होता है, उन दिनों में आचार संहिता लगी होगी। इसलिए विभाग से परामर्श करके अगले वर्ष के लिए गन्ने का रेट 400 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया जाता है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान भाई बहुत ही परिश्रम से खेती करते हैं और अपनी उपज बाजार में बेचकर हरियाणा की आर्थिक स्थिति को मजबूत करते हैं। राज्य सरकार भी सदैव किसान हित में निर्णय लेती है और हम उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्धता हैं। इन्हीं प्रयासों के फलस्वरूप हरियाणा एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां 14 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार के **इस कदम से गन्ना किसानों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने और हरियाणा के कृषि क्षेत्र की समृद्धि में योगदान होने की उम्मीद है।**

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## प्रबुद्ध नागरिकों और बीजेपी मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक

(दिनांक 07.11.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने यहां अपने निवास संत कबीर कुटीर पर हिसार, सिरसा और फतेहाबाद जिलों के प्रबुद्ध नागरिकों और पार्टी के मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर कहा कि वर्तमान राज्य सरकार गरीब व जरूरतमंदों कल्याणार्थ योजनाएं क्रियान्वित कर रही है।

हमने पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देने की शुरूआत की है, ताकि वे मुख्यधारा में आकर समाज का हिस्सा बन सकें। **सरकार ने गरीब व जरूरतमंदों को समय पर सहायता देकर उनके जीवन को सरल किया है।**

प्रबुद्ध नागरिकों का समाज में एक अहम स्थान होता है। वे **सरकार और जनता के बीच एक सेतु की भांति होते हैं, इसलिए उन्हें जनता को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाना चाहिए,** ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग इनका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि हमने शासन संभालते ही सबसे पहला काम राजकाज में ई–गवर्नेंस लाने का किया, जिससे हर प्रक्रिया को ऑनलाइन किया। इससे सभी काम जल्दी होने लगे और पारदर्शिता भी आई, जिससे जनता का जीवन सुगम बना। हमारी सरकार ने प्रदेश को विकास की दृष्टि से आगे ले जाने का काम किया है। हमने हरियाणा एक– हरियाणवी एक के नारे पर चलते हुए हर विधानसभा क्षेत्र का एक समान विकास सुनिश्चित किया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया और प्रदेश में उद्योगों की गति को बढ़ाया है। उन्होंने प्रबुद्ध नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे हरियाणा सरकार की योजनाओं व सेवाओं को जन–जन तक पहुंचाने हेतु लोगों को जागरूक करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ व ग्रामीण चौकीदार संघ से मुलाकात

(दिनांक 07.11.2023)


**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ व ग्रामीण चौकीदार संघ ने मुलाकात कर मासिक मानदेय बढ़ाने पर मिठाई खिलाकर धन्यवाद किया। गौरतलब है कि **हरियाणा ग्रामीण सफाई कर्मियों का 14 हजार रुपये से 15 हजार रुपये मासिक मानदेय किया** गया था। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सफाई कर्मचारियों को दीवाली के तोहफा की सौगात दी थी। इसी तरह, ग्रामीण चौकीदारों को नायाब तोहफा दिया था जिसमे **चौकीदारों को 11000 रुपए मानदेय व 4000 हजार रुपए वर्दी भत्ता एवं हर 5 साल के बाद साइकिल मिलेगी**। इसके अलावा, **चौकीदारों को 1000 रुपए लाठी एवं बैटरी के लिए सालाना मिलेंगे**। उन्होंने कहा कि सब लोग आगे बढ़ें, किसी के साथ भेदभाव न हो, समान भाव से हम गरीब व अंत्योदय परिवारों के आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक स्थिति के उत्थान में लगे हुए हैं।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## प्रदेशवासियों और सभी कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं

(दिनांक 07.11.2023)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज **सभी प्रदेशवासियों और कर्मचारियों को दीपावली की अग्रिम शुभ कामनाएं** प्रेषित करते हुए सभी के स्वस्थ जीवन की कामना की है। इस मौके पर उन्होंने **सफाई कर्मचारियों, चौकीदारों और ट्यूबवेल ऑपरेटरो को दीपावली की मिठाई के लिए 501 रुपये देने की घोषणा** भी की है।

उन्होंने कहा कि दीपावली का त्योहार न केवल हमें एक सूत्र में बांधने का कार्य करता है बल्कि सभी को अपनी सनातन संस्कृति और उसके महत्व से भी रूबरू कराता है। इसके साथ ही उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अपील भी कि सभी नागरिक खुद और परिवार का ध्यान रखते हुए शांति और सौहार्दपूर्ण तरीक़े से इन त्योहारों को मनाएँ।

# पिंजौर में हॉट एयर बैलून सफारी का शुभारंभ

(दिनांक 08.11.2023)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने गेट वे ऑफ हिमाचल कहे जाने वाले **पिंजौर में हॉट एयर बैलून सफारी का शुभारंभ** किया। उन्होंने स्वयं हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष और स्कूल शिक्षा और विरासत एवं पर्यटन मंत्री जी के साथ **सबसे पहले हॉट एयर बैलून सफारी की सवारी की**। इस अवसर पर पहली सफारी का अनुभव बेहद अच्छा रहा और सुरक्षा की दृष्टि से भी यह काफी सुरक्षित है। इस क्षेत्र में हॉट एयर बैलून सफारी की शुरुआत होने से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

हरियाणा में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और राज्य सरकार लगातार पर्यटन गतिविधियां बढ़ा रही है। आज से शुरू हुए इस हॉट एयर बैलून सफारी की व्यावहारिकता को देखते हुए राज्य सरकार कंपनी को 2 साल के लिए वीजीएफ के तौर पर 72 लाख रुपए देगी। कंपनी की ओर से इसका रेट 13 हजार रुपए प्रति व्यक्ति प्रति राइड निर्धारित किया गया है। हरियाणा अब वॉटर स्पोर्ट्स और साहसिक खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहा है। सरकार द्वारा **मोरनी हिल्स के पास टिक्करताल क्षेत्र में भी पैराग्लाइडिंग, वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी, जेट स्कूटर, पैरा सेल्लिंग और ट्रेकिंग जैसे एडवेंचर खेलों की शुरुआत की गई** है। इसके अलावा, ट्रैक, माउंटेन बाइकिंग ट्रैक और कई अन्य गतिविधियों की भी पहचान की गई है। साथ ही मोरनी हिल्स में इको–टूरिज्म को बढ़ाने के लिए वन विभाग को भी जोड़ा गया है।



# हथिनी कुंड बैराज पर वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का शुभारंभ

(दिनांक 08.11.2023)



**प्रभाव :** हरियाणा में भी पर्यटन के नाते लोगों का रुझान बढ़े, इसके लिए आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा **हथिनी कुंड बैराज पर वॉटर राईडिंग व यमुना में बोटिंग की शुरुआत की गई** है। पर्यटन के क्षेत्र में हरियाणा आगे बढ़ रहा है। टूरिज्म एक ऐसा क्षेत्र है जिसे पूरी दुनिया के लोग सर्च करके घुमने आते है। जहां–जहां टूरिज्म बढ़ा है वहां के इलाके की प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि **हथिनी कुंड बैराज पर पार्क बनाया जा रहा** है। इस पार्क का नाम भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि **गुरुग्राम और नूहं जिलों के क्षेत्र में करीब 10 हजार एकड़ मे जंगल सफारी प्रोजेक्ट बनाया जाएगा**। इसकी शीघ्र

शुरुआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन के नाते **कलेसर से कालका तक पहाड़ी के नीचे–नीचे बहुत सी संभावना है, जैसे कि पैदल ट्रैकिंग,साइकिल ट्रैकिंग व मोटरसाइकिल इत्यादि के माध्यम से विभिन्न स्थानों जैसे आदि बद्री, लोहगढ़, त्रिलोकपुर देवी का मंदिर का भ्रमण कर सकते हैं।** माननीय मुख्यमंत्री जी ने हथिनी कुण्ड के कार्यक्रम के बाद उपस्थित लोगों के साथ जनसंवाद किया। लोगों की मांग पर उन्होंने कहा कि **पटियाला, पेहवा कुरुक्षेत्र, लाडवा के रास्ते यमुनानगर तक चौड़ी सड़क बनाई जाएगी**। इसके लिए नेशनल हाईवे ऑथोरिटी से बात चल रही है, यदि 6 महीने तक ऑथोरिटी इस सड़क् को नहीं बनाती तो अगले 6 महीने में राज्य सरकार स्टेट हाईवे बनाएगी।



# यमुनानगर में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 08.11.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज बुधवार को **यमुनानगर के गांव प्रताप नगर (खिजराबाद) में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम** में लोगों की समस्याओं को सुनने के दौरान सीधा संवाद कर कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन करते हुए भय, भ्रष्टाचार और भेदभाव के माहौल से जनता को राहत देने का काम किया है। हमारी सरकार ने किसान, मजदूर, गरीब व जरूरतमंदों सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किया है। कार्यक्रम में पहुंचने पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का अवलोकन किया और रेड क्रॉस सोसाइटी की तरफ से ट्राई साइकिल भी वितरित किए। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से लोगों को ऑनलाइन प्रणाली का लाभ देते हुए घर बैठे बुढ़ापा पेंशन सहित तमाम



# साप्ताहिक सूचना पत्र



योजनाओं का फायदा देने का काम किया है। जनसंवाद में उन्होंने 11 लोगों को बुढ़ापा पेंशन की सौगात भी दी है। जनसंवाद में उन्होंने प्रताप नगर के लोगों को करीब **40 लाख रुपए के बजट से 2 एकड़ में बनने वाली पार्क व व्यायामशाला, प्रताप नगर से जगाधरी तक केवल लड़कियों के लिए छात्रा विशेष बस सेवा शुरू करने, शहर की तर्ज पर गांव प्रताप नगर में सीवरेज पाईप लाईन बिछाने, प्रताप नगर से गांवों की तरफ जाने वाली 2 सड़कों के निर्माण कार्य को शुरू करने तथा प्रताप नगर की 1 किलोमीटर की फिरनी बनाने की सौगात** दी है। इसके अलावा कुट्टीपुर की पंच की मांग पर आधा एकड़ भूमि पर शैड वाला बारात घर बनाने, मिडिल स्कूल में कमरे बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने तथा मिडिल स्कूल में शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए आस–पास के स्कूलों के शिक्षकों को स्कूल में एडजस्ट करने तथा सफाई कर्मचारी की व्यवस्था करने के आदेश दिए। कार्यक्रम में साधवी नाज पटेल द्वारा रखे गए तथ्यों के आधार पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने कोष से अवेस्ता फाउंडेशन को 5 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की भी घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि **सरकार ने आयुष्मान और चिरायु योजना को लागू करके गरीब लोगों को 5 लाख रुपए तक का ईलाज करवाने की सुविधा मुहैया करवाई** है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिन

परिवारों की आय 1 लाख 80 हजार रुपए से ज्यादा है परिवार नैतिकता के आधार पर निरूशुल्क राशन की सुविधा न ले ताकि अन्य परिवारों को निरूशुल्क राशन योजना का फायदा मिल सके।

## छछरौली में जनसंवाद कार्यक्रम

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने **छछरौली स्पोटर्स क्लब की रिपेयर के लिये 19 लाख रुपये देने की घोषणा की।** इसके साथ–साथ क्लब के संचालको को यहां पर सफाई कर्मचारी नियुक्त करने बारे भी निर्देश दिये। उन्होंने बुजुर्ग महिला शांति देवी से संवाद करते हुए उनके द्वारा रखी गई मांग पर 80 हजार रुपये मकान की मरम्मत के लिये देने की घोषणा की।

इसके साथ–साथ एक महिला जिसकी बच्ची की आंख खराब है, उसे 50 हजार रुपये आर्थिक सहायता के रूप में देने की भी घोषणा की तथा रेड क्रॉस को इस विषय के तहत स्पेशल केस बनाकर मदद करने के लिये भी कहा। उन्होंने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान जीएम रोडवेज को स्कूल शिक्षण संस्थानों से सूची लेकर जिस रूट पर **लड़कियों की संख्या 50 से ज्यादा है, वहां पर**






**स्पेशल बस चलाने के निर्देश दिये,** ताकि लड़कियां सुगमता से शिक्षण संस्थानों में आ–जा सकें।

इसके अलावा, जहां पर बच्चों की संख्या 25 है, वहां पर मिनी बस चलाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने सम्बन्धित बीडीपीओ को सरकारी कॉलेज के पास खाली जमीन का सर्वे करवाकर वहां पर व्यायामशाला व पार्क बनाने बारे निर्देश दिये।

कार्यक्रम के दौरान **ग्रामीणों ने छछरौली से चंडीगढ़ बस चलाने की मांग रखी, जिसे माननीय मुख्यमंत्री जी ने पूरा करते हुए जीएम रोडवेज को निर्देश दिये कि यह बस चलाई जाए** ताकि छछरौली से लोग जगाधरी होते हुए चंडीगढ़ आसानी से जा सकें। उन्होंने इस मौके पर जटांवाला से खिल्लीवाला तथा इब्राहिमपुर से डाहरपुर तक सडक़ बनाने की मांग को भी पूरा किया।

## जगाधरी में जनसंवाद कार्यक्रम

माननीय मुख्यमंत्री जी आज जगाधरी में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में




जगाधरी व यमुनानगर के नागरिक अस्पताल में एमआरआई की सुविधा उपलब्ध करवाने की घोषणा की। अब लोगों को इस चिकित्सा के लिए दूर दराज नहीं जाना पड़ेगा।

**उन्होंने जेबीटी टीचर की जिला में स्कूल व ब्लॉक अलॉट करने की मांग पर उन्हें आश्वस्त किया** कि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो इसको ध्यान में रखते हुए आपके हित में कार्य किया जाएगा। गेस्ट टीचरों ने इस मांग को पूरा किया जाने का अश्वासन देने पर माननीय मुख्यमंत्री जी का गर्म जोशी से स्वागत कर धन्यवाद किया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जगाधरी क्षेत्र की शहरों में सड़कों पर लकड़ियों की ट्रॉलियां खड़े होने की समस्या है, इसके समाधान हेतु उन्होंने पुलिस व नगर निगम अधिकारियों को बेहतर समन्वय बनाकर रूप रेखा तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों के बाद यहां पर सडकों पर कोई भी ट्रॉलियां खड़ी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने जगाधरी

# साप्ताहिक सूचना पत्र

शहरी क्षेत्र के तहत बाजारों में स्ट्रीट लाईटें लगाने के कार्य को भी अगले तीन महीनों में पूरा करने के निर्देश दिए। इसके लिए 41,000 प्वॉइंट चिन्हित कर लिए गए हैं।

फरवरी 2024 तक सभी बाजारों में चिन्हित स्थानों पर स्ट्रीट लाईटें लगाने का काम कर लिया जाएगा। जनसंवाद के दौरान 10 ऐसे लोग जिनकी उम्र 60 साल उम्र हो गई थी उनकी मौके पर ही पेंशन सम्बधी पत्र वितरित किए गए। उन्होंने कहा जगाधरी क्षेत्र के तहत 13,700 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। **जगाधरी क्षेत्र में लोगों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई गई** है और इस पर 44 करोड 78 लाख रूपए की राशि खर्च की गई है।

## पाबनी कलां में जनसंवाद कार्यक्रम

पाबनी कलां गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में सरपंचों व अन्य मौजिज लोगों द्वारा गांव में फिरनी के संबंध में रखी गई समस्या का संज्ञान लेते हुए उन्होंने घोषणा की कि **साढौरा विधानसभा के सबसे अधिक आबादी वाले 5 गांवों की फिरनियों को पक्का किया जाएगा।**

## बिलासपुर में जनसंवाद कार्यक्रम

माननीय मुख्यमंत्री जी ने एक युवक द्वारा गांव कैनवाल से देवधर के रास्ते पर नशे की गतिविधियां होने की शिकायत रखी। इस शिकायत पर उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक को वहां पर नकेल कसने के निर्देश दिये और कहा कि जो भी इस गतिविधि में संलिप्त है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाएं।

उन्होंने कहा कि जो भी नशे का व्यापार करता है, उसकी प्रॉपर्टी को अटैच कर आगामी कार्रवाई तुरंत अमल में लाएं। इसके साथ–साथ उन्होंने बिलासपुर से सढ़ौरा रोड़ पर सरस्वती पुल पर जो नाका है, उसे भी वहां से हटवाने के निर्देश दिये। जनसंवाद के दौरान उन्होंने सरपंचों द्वारा गांवों में बारात

# साप्ताहिक सूचना पत्र

घर, सामुदायिक भवनों की मांग पर बीडीपीओ को निर्देश दिये कि गांवों का सर्वे करवाकर यदि वहां पर पंचायती जमीन है, उसका प्रस्ताव पास करवाकर इस कार्य को करें ताकि गांववासियों को यह सुविधा भी बिना देरी के मिल सके।

संवाद में व्यक्ति द्वारा इलाके में आवारा पशुओं की समस्या और यहां गौशाला न होने बारे रखी गई शिकायत पर उन्होंने कहा कि जिन गांवों में पंचायती जमीन ज्यादा है, यदि वहां पर 10 एकड़ से ज्यादा पंचायती जमीन है और यदि वह गौशाला के लिये ऑफर करते हैं तो वहां पर गौशाला का निर्माण करवा दिया जाएगा। गौ सेवा आयोग द्वारा इस कार्य के लिये जो भी राशि होगी, वो भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि **पिछले दिनों हुई भारी बारिश के चलते जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो गये थे, उस बारे उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को सर्वे करवाकर डा0 अम्बेडकर नवीनीकरण आवास योजना के तहत लाभ दिलवाने के निर्देश दिये हैं।**

## सढौरा विधानसभा क्षेत्र में जनसंवाद कार्यक्रम

जन संवाद में पुस्तकालय की मांग पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने नगर पालिका भवन में पुस्तकालय स्थापित करने के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। पुस्तकालय खुलने के बाद यहां बच्चे पुस्तके पढ़ने के साथ–साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में मिशन मैरिट के तहत पारदर्शी तरीके से पढ़े लिखे युवाओं को बिना सिफारिश के सरकारी नौकरियां मिल रही है जिससे युवाओं का विश्वास बढ़ा है और वे लाईब्रेरिस और कोचिंग सैंटर में जाकर पढ़ाई करने लगे है। साढौरा में सीएचसी की मांग पर उन्होंने अधिकारियों को 50 बिस्तरों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण के लिए आवश्यक प्रक्रिया 15 दिन के अंदर पूरा करने के निर्देश दिए।

# हरियाणा प्रदेश भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने की ओर निरंतर अग्रसर

(दिनांक 08.11.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत निष्पक्षता तथा पारदर्शिता से कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है।


पिछले वर्षों के आंकड़ों के तुलनात्मक विश्लेषण से पता चलता है कि हरियाणा प्रदेश अब भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने की ओर निरंतर अग्रसर है जो राज्य में पारदर्शी शासन के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक एवं ब्यूरो के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि प्रदेश सरकार के कुशल मार्गदर्शन व दिशा निर्देशन में राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए व्यवस्थित व प्रभावी कार्ययोजना बनाते हुए काम किया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश में गुप्त सूचना के आधार पर रेड डाली जाती है ताकि भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारी अथवा कर्मचारी पर कड़ी कार्यवाही की जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भ्रष्टाचारी चाहे कोई भी क्यों ना हो, ब्यूरो द्वारा जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाती है।

वर्ष 2023 में जनवरी से लेकर अक्टूबर माह के अंत तक की समय अवधि के दौरान ब्यूरो में 140 ट्रैप मामले पंजीकृत किए गए हैं। इस वर्ष ब्यूरो के समन्वित प्रयासों के चलते 31 अक्टूबर तक कुल 31 राजपत्रित अधिकारी, 149 अराजपत्रित अधिकारी तथा निजी क्षेत्र के 30 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की प्रतिबद्धता केवल भ्रष्टाचार संबंधी मामलों की पहचान करने तक ही सीमित नहीं रही बल्कि ब्यूरो द्वारा इन

मामलों का तत्परता से निपटारा करने की दिशा में भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। वन विभाग तथा हरियाणा राज्य वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन में भी भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला उजागर हुआ है जिसमें सरकारी अधिकारी और निजी व्यक्ति शामिल है। अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए जांच चल रही है। श्री कपूर ने बताया कि हमारा प्रयास है कि लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त तथा पारदर्शी शासन मिले। उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी सरकारी कार्य करने की एवज में रिश्वत आदि की मांग करता है तो तुरंत इसकी जानकारी ब्यूरो के टोल फ्री नंबर 18001802022 या 1064 पर दे। इसके अलावा, लोग अपनी शिकायत व्हाट्सएप नंबर 9417891064 पर भी दे सकते हैं।



# विशेष पुलिस अधिकारियों को दिवाली का तोहफा

(दिनांक 09.11.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश में तैनात विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को दिवाली के तोहफा देते हुए उनके **मासिक मानदेय को 18,000 रुपये से बढाकर 20,000** रुपये करने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। बता दे कि अभी प्रदेश में लगभग 9000 एसपीओ कार्यरत हैं। प्रदेश में लगभग 9000 एसपीओ द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रदान की जा रही निरंतर सेवा को देखते हुए उन्होंने इस वृद्धि को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा हमारे विशेष पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रदर्शित प्रतिबद्धता और समर्पण वास्तव में सराहनीय है। वे हमारे नागरिकों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह विशेष दिवाली उपहार उनकी निःस्वार्थता के लिए हमारी कृतज्ञता का एक छोटा सा प्रतीक है। हमें उम्मीद है कि यह इस शुभ त्योहार के दौरान उनके और उनके परिवारों के लिए खुशी और समृद्धि लाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

(दिनांक 09.11.2023)

**प्रभाव :** गोवा में आयोजित 37 वे राष्ट्रीय खेलों में **हरियाणा ने रिकॉर्ड 193 मेडल जीतते** हुए अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

खेलों में हरियाणा के युवा खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी खिलाड़ियों, कोचों व तमाम फेडरेशन के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है और उम्मीद जताई है कि प्रदेश के युवा  खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में हरियाणा का नाम रोशन करते रहेंगे।

वहीं, राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश का नेतृत्व कर रहे हरियाणा ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष और पूर्व मंत्री श्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा है कि माननीय मुख्यमंत्री जी की नई खेल नीति की



बदौलत हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। **हरियाणा के खिलाड़ियों ने रिकॉर्ड 193 मेडल जीते हैं, जिनमें से 62 गोल्ड मेडल, 55 सिल्वर और 75 ब्रोंज मेडल** हैं। राष्ट्रीय खेलों के आधिकारिक समापन से पहले बृहस्पतिवार को हरियाणा वूमेन बीच हैंडबॉल टीम ने राष्ट्रीय खेलों के अंतिम दिन फाइनल मुकाबले में गोल्ड मेडल प्रदेश की झोली में डाला जबकि इंडोर मैन हैंडबॉल टीम और इंडोर वूमेन टीम ने प्रदेश को सिल्वर मेडल दिलाए।

# गुरुग्राम वाटिका चौक पर नवनिर्मित अंडरपास का शुभारंभ

(दिनांक 10.11.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्राम में ढांचागत तंत्र को विस्तार देते हुए शुक्रवार को **वाटिका चौक पर नवनिर्मित अंडरपास का उद्घाटन किया।** गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के माध्यम से 109.14 करोड़ रुपए की लागत से तैयार 0.822 किमी लंबे इस अंडरपास के आरंभ होने से सदर्न पेरिफेरल रोड से गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड के बीच यातायात सुगम होगा तथा गुरुग्राम –बादशाहपुर मार्ग पर वाटिका चौक रेड लाइट पर भी वाहनों का दबाव कम होगा। उन्होंने वाटिका चौक अंडरपास का मंच से रिमोट दबाकर उद्घाटन पट्टिका का अनावरण किया और रिबन काटकर यातायात के लिए इस परियोजना को जनता को समर्पित किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने



# साप्ताहिक सूचना पत्र



उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशवासियों को धनतेरस के शुभ अवसर की बधाई दी। गुरुग्राम एक आइकोनिक सिटी है, जिसके विकास को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशन में एनएचएआई, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण, नगर निगम व लोक निर्माण विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को पूरी तत्परता के साथ धरातल पर फलीभूत कर रहे हैं। गुरुग्राम के विकास के सफर में गुरुग्रामवासियों का भी निरन्तर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों पर लोगों का आवागमन सुगम हो व ट्रैफिक अपनी निर्बाध गति से आगे बढ़े, इसके लिए विभिन्न परियोजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन जारी है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में 245 किलोमीटर लंबी कुल 58 परियोजनाएं हैं, जिनके लिए 1747 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि केएमपी के आसपास नए नगरों की जो योजना हरियाणा सरकार ने बनाई है उस पर भी कार्य आगे बढ़ रहा है। आने वाले पांच सालों में दुनिया का एक बहुत बड़ा शहर, ग्लोबल सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। जिस पर जल्दी ही ऑक्शन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# धनतेरस महिला सम्मान समारोह

(दिनांक 10.11.2023)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी आज फरीदाबाद के सूरजकुंड में आयोजित धनतेरस महिला सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर कहा कि समाज में तीज–त्यौहार का उत्सव महिलाओं के बिना अधूरा है। महिलाएं समाज की अहम कड़ी हैं और हमारी सरकार ने महिलाओं को सशक्त व समृद्ध करने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने **धनतेरस, छोटी दिपावली, दिपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सूरजकुंड में पहली बार दिवाली मेला आयोजित किया जा रहा** है, जो 3 नवंबर, 2023 को शुरू हुआ था।

इसी प्रकार, एक मेला आज से शुरू होकर 22 जनवरी, 2024 तक भगवान श्रीराम की जन्म भूमि अयोध्या में भी आयोजित होगा। 22 जनवरी को माननीय प्रधानमंत्री भगवान श्रीराम के




मंदिर का उद्घाटन करेंगे। उस दिन हम सभी के लिए एक और दिवाली होगी, उसके लिए आपको सभी को अग्रिम बधाई। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी हरियाली तीज उत्सव पर राज्य सरकार की ओर से एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें लगभग 50 हजार महिलाओं को मेरी ओर से एक भाई स्वरूप कोथलियां दी गई थी। आज भी इस कार्यक्रम में सभी महिलाओं को एक दीपक, कैलेंडर और अन्य वस्तुएं भेंट स्वरूप दी जाएंगी।

# प्रथम दिवाली उत्सव मेला–2023 का समापन समारोह

(दिनांक 10.11.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी शुक्रवार को **सूरजकुंड में चल रहे प्रथम दिवाली उत्सव–2023 के समापन समारोह** में उपस्थित जनों को संबोधित कर कहा कि प्रदेश में यह पहला अनूठा दीवाली उत्सव है जहां प्रदेश में माननीय प्रधानमंत्री जी की वोकल फार लोकल और मेक इन इंडिया की नीति को मूर्त रूप दिया गया है। उन्होंने आगामी सिंतबर माह में इसी तर्ज पर ऐसा ही मेला आयोजित करने की घोषणा की।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सूरजकुंड में प्रथम दिवाली उत्सव में असंख्य स्टालें लगाई गई, जिसके माध्यम से लघु उद्योग को बढावा दिया गया है। वोकल फार लोकल की नीति का प्रदेश में 70 हजार लोगों के लघु उद्योगों को यहां बढ़ावा दिया गया है, इनमें स्वयं सहायता समूहों की पांच हजार महिलाएं भी अपनी आय बढाकर आर्थिक संपन्नता की ओर अग्रसर हैं। वोकल फार लोकल की नीति से लघु उद्योग की इकाइयों से जुड़े लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत बन रही है। उन्होंने दीवाली उत्सव–2023 के सफल आयोजन पर पर्यटन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आज हमारे लिए बहुत खुशी और उत्सव का दिन है, जहां परिवार जन, मित्रगण और सगे संबंधी उपहारों का आदान–प्रदान करने, पारंपरिक व्यंजन साझा करने और एकजुटता का जश्न मनाने के लिए सूरजकुंड में एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस भव्य आयोजन से स्थानीय विक्रेताओं को अपने उत्पादों और शिल्प को व्यापक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने का अवसर मिला जोकि हम सबके लिए प्रेरणादायक भी है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## रोहतक में संत नामदेव जी द्विमार्गीय रेलवे ऊपरगामी पुल का उद्घाटन करना

(दिनांक 10.11.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी दिपावली के अवसर पर रोहतक शहरवासियों को विकासात्मक परियोजना का एक और तोहफा देते हुए **आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संत नामदेव जी द्विमार्गीय रेलवे ऊपरगामी पुल समपार संख्या–60 (कच्चा बेरी रोड़) का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया।** 47 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि से नवनिर्मित यह द्विमार्गीय रेलवे ऊपरगामी पुल की लम्बाई 1150 मीटर तथा चाड़ाई 7 मीटर है।

माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा लोगों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया गया है। अब शहरवासियों को इस सडक़ पर जाम से मुक्ति मिली है।

उन्होंने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विगत 9 वर्षों में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा ढांचागत सुविधाओं को बढ़ाने पर विशेष जोर



दिया गया है। इस नवनिर्मित रेलवे ऊपरगामी पुल का नाम महान संत नामदेव जी महाराज के नाम पर रखा गया है ताकि इस सड़क से गुजरने वाले हर व्यक्ति को उनकी शिक्षाओं व संदेश से प्रेरणा मिलती रहे। संत नामदेव जी ने गीता, रामायण व महाभारत जैसे ग्रंथों का मराठी भाषा में अनुवाद कर ज्ञान के प्रचार–प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान प्रदेश में 62 रेलवे ऊपरगामी पुलों के निर्माण पर 1151 करोड़ रुपये खर्च किये गए हैं।

# प्रदेश व देशवासियों को दीपावली पर्व की दी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

(दिनांक 11.11.2023)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने **दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेश व देशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी** और कामना की कि दीपों का यह पर्व सभी के लिए सुख, समृद्धि एवं सम्पन्नता लेकर आए। दिवाली की पूर्व संध्या पर आज यहां जारी एक संदेश में माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह प्रकाश पर्व खुशी और समृद्धि, बुराई पर अच्छाई की जीत तथा अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से प्रदूषण मुक्त तरीके से त्यौहार मनाने का आग्रह किया। उन्होंने नागरिकों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली का यह त्यौहार भगवान श्री राम की लंका पर विजय हासिल कर अयोध्या लौटने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह त्यौहार भगवान श्री राम के उच्च आदर्शों की स्मृति कराता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलते



# साप्ताहिक सूचना पत्र

हुए समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दीपावली का विशेष महत्व है, क्योंकि अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर तैयार हो रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी 22 जनवरी, 2024 को राम मंदिर का उद्घाटन करेंगे। यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण होगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने गोवर्धन पूजा, विश्वकर्मा पूजन और भाई दूज की भी शुभकामनाएं दी।

साथ ही इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने शनिवार को चंडीगढ़ स्थित अपने आवास संत कबीर कुटीर में कार्यरत कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों के साथ दीपावली का त्यौहार मनाया। कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों ने भी माननीय मुख्यमंत्री जी को दीपावली की शुभकामनाएं दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी कर्मियों को दीपों के इस पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उत्सव सभी के जीवन में नया प्रकाश और सुख समृद्धि लेकर आए। हमारा प्रदेश सदा भारत के मानचित्र पर अपनी चमक बिखेरता रहे। उन्होंने कहा कि त्यौहारों का यह सीजन अपने साथ एक नई उमंग व खुशियां लेकर आता है। इस समय मन में निराशा, अवसाद के भावों को दूर करके नई आशा व उमंग का संचार करना चाहिए। दीपावली का त्यौहार हर व्यक्ति के जीवन में नया प्रकाश और सुख–समृद्धि लेकर आए। उन्होंने सभी कर्मियों को तोहफे भेंट कर उनके साथ खुशियां सांझा की।

